पातीराम विरूद्ध पुसा0 रामकली आदि

XXXIX(a)BR(H)-11

राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर

जिला – दतिया

प्रकरण क्रमांक निग0 1107–दो/13

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
	प्रकरण का अवलोकन किया । यह निगरानी अपर कलेक्टर, जिला दतिया द्वारा प्र0क0 34/2011–12 में पारित आदेश दिनांक 31–10–12 एवं अनुविभागीय अधिकारी, दतिया द्वारा प्र0क0 60/2010–11 में पारित आदेश दिनांक 29–5–12 के विरूद्ध संयुक्त रूप से म0प्र0 भू–राजस्व संहिता 1959 (जिसे आगे संहिता कहा जायेगा) की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की गई है । 2– उभयपक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं द्वारा दिए गए तर्कों पर विचार किया एवं अभिलेख का अवलोकन किया एवं अनावेदक अधिवक्ता द्वारा उद्धरित न्यायदृश्टातों का परिशीलन किया । यह निगरानी अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पारित आदेशों के विरूद्ध सम्मिलित रूप से की गई है । दोनों आदेशों में 5 माह का अंतर है । आवेदक द्वारा प्रस्तुत निगरानी को अपर कलेक्टर ने इस आधार पर समाप्त किया गया है कि उन्हें पुनरीक्षण सुनने की अधिकारिता नहीं है । संहिता में हुए संशोधन के फलस्वरूप अपर कलेक्टर का आदेश विधिसम्मत है । ऐसी स्थिति में आवेदक को इस न्यायालय के समक्ष केवल अनुविभागीय अधिकारी के आदेश के विरूद्ध निगरानी प्रस्तुत करना चाहिए थी जो उसके द्वारा न की जाकर अपर कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी के आदेशों के विरूद्ध संयुक्त रूप से प्रस्तुत की गई है जो विधिसम्मत नहीं है । इसके अतिरिक्त यहां यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि आवेदक द्वारा अपने निगरानी आवेदन के साथ अनुविभागीय अधिकारी द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रति पेश नहीं	

स्थान तथा दिनांक	कार्यवाही तथा आदेश	पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर
	को गई है और न ही संहिता की धारा 48 के तहत प्रमाणित प्रति पेश किए जाने से विमुक्ति हेतु कोई आवेदन पेश किया गया है । ऐसी स्थिति में यह पुनरीक्षण विधिवत प्रस्तुत न होने के कारण निरस्त किया जाता है । 3- उभयपक्ष सूचित हों एवं अधीनस्थ न्यायालय के अभिलेख वापिस हों । सदस्य	

पातीराम विरुद्ध मु0 रामकली

ग्वालियर

जिला - दतिया

पक्षकारों एवं अभिभाषकों आदि के हस्ताक्षर



न्यायालय राजस्व मण्डल मध्यप्रदेश ग्वालियर

पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक / 2013 जिला–दतिया

पातीराम पुत्र अन्तापाल, निवासी ग्राम उदगुवां, तहसील व जिला दतिया (म.प्र.)

...... आवेदक

विरूद्ध

1. मुस. रामकली पुत्री स्व. श्री दौला पत्नी देवीलाल गड़रिया, निवासी ग्राम बडौनी खुर्द, तहसील व जिला दतिया (म.प्र.)
2. श्रीमती कपूरी पुत्री दौला पत्नी आशाराम पाल, निवासी ग्राम डामरौनकलां, तहसील करैरा, जिला शिवुपरी (म.प्र.)

..... अनावेदकगण